संख्या- 04/2019/1361/22-4-18-48(79)/18

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक- 29 जनवरी, 2019

विषय- आदर्श कारागार लखनऊ, जिला कारागार बाराबंकी एवं आगरा में सबमर्सिबल पम्प की स्थापना हेतु प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-37606/नम-1/2018, दिनांक 12 नवम्बर, 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय आदर्श कारागार लखनऊ, जिला कारागार बाराबंकी एवं आगरा में सबमर्सिबल पम्प की स्थापना हेतु निम्न विवरणानुसार रू0 9.98 लाख की लागत पर प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में व्यय हेतु शतप्रतिशत धनराशि रू0 9,98,000/-(रूपया नौ लाख अट्ठान्नवे हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

क्र0	कार्य का नाम	कार्यदायी संस्था का नाम	आगणन की लागत	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5
1	आदर्श कारागार, लखनऊ के सर्किलवाल में 03 एच0पी0 का 01 नग सबमर्सिबल पम्प की स्थापना।	उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लि0	2.00	2.00
2	जिला कारागार बाराबंकी के सर्किल में 03 एच0पी0 का 01 नग सबमर्सिबल पम्प की स्थापना।	उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लि0	2.00	2.00
3	जिला कारागार बाराबंकी के अहाते नं0 15 (अल्प वयस्क अहाता) में 03 एच0पी0 का 01 नग सबमर्सिबल पम्प की स्थापना।	उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लि0	2.00	2.00
4	जिला कारागार आगरा के गौशाला हेतु 02 एच0पी0 का 01 नग सबमर्सिबल पम्प की स्थापना।	सी0 एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1.99	1.99
5	जिला कारागार आगरा के पाकशाला हेतु 02 एच0पी0 का 01 नग सबमर्सिबल पम्प की स्थापना।	सी0 एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम	1.99	1.99
		योग-	9.98	9.98

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(1) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी महानिरीक्षक कारागार एवं कार्यदायी संस्था की होगी।

(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय-हस्पुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-सयम पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(4) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित है।

(5) स्वीकृत धनराशि बैंक खाता अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(6) कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के संपरीक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायं।

(7) लेबर सेस की धनराशि का भुगतान श्रम विभाग को किया जायेगा।

3- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-11-कारागार विभाग के भवनों/परिसर में लघु निर्माण कार्य-25-लघु निर्माण कार्य" मद के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30.03.2018 में प्रशासकीय विभाग को प्राविधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या-**04**/2019/1361(1)/22-4-2019-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(3) महाप्रबन्धक, उ0प्र0 पुलिस आवास निगम लि0, लखनऊ।
(4) प्रबन्ध निदेशक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
(5) जिलाधिकारी, लखनऊ, बाराबंकी/आगरा।
(6) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(7) निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(8) वित्त नियंत्रक, कारागार मुख्यालय, लखनऊ।
(9) निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 शासन।
(10) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
(11) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in